हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 6 जुलाई 2024

06 मूलभूत सुविधाओं का अभाव सीहोर से 4 ...



07 मेन मार्केट में कहीं गड्ढे, कहीं डामर तो कहीं सीसी...





## खबर संक्षेप

### छात्रों को जेईई, नीट, क्लेट की फ्री कोचिंग

**सीहोर।** जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग फ्री दी जाएगी। यह कोचिंग इंदौर, भोपाल और जबलपुर में होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना बनाई है। योजना के तहत 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर चयन होगा। योजना के तहत 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा में 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर और क्लेट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना है। नीट और क्लेट में 200-200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### बैंक में 2700 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** पंजाब नेशन बैंक में अप्रेंटिस के 2 हजार 700 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार 14 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 27 जुलाई को होगी। उम्मीदवार का ग्रेजुएट होना जरूरी है। जिस राज्य के लिए आवेदन जमा किया हो वहां की स्थानीय भाषा लिखना-पढ़ना, बोलना और समझना जरूरी है। आयु सीमा 20 से 28 वर्ष है। चयन ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा, लोकल लैंग्वेज टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन से होगा।

### आईटीबीपी : 112 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में हेड कांस्टेबल (एजुकेशन एंड स्ट्रेस काउंसलर) के 112 पदों पर भर्ती होगी। उम्मीदवार पर 7 जुलाई से आवेदन कर सकेंगे। आखिरी तारीख 5 अगस्त है। उम्मीदवार के पास साइकोलॉजी के साथ डिग्री होना चाहिए। बैचलर ऑफ एजुकेशन या बैचलर ऑफ टीचिंग डिग्री भी जरूरी है। आयु सीमा 20 से 25 वर्ष तय की गई है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाइन आवेदन भी 8 जुलाई से शुरु होंगे। इच्छुक आवेदन 28 जुलाई तक पर पंजीयन करा सकते हैं।

### भारतीय वायु सेना के आवेदन 8 जुलाई से

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए ऑनलाइन आवेदन 08 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक किए जा सकेंगे। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म तीन जुलाई 2004 और तीन जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## प्राइवेट स्कूलों में 50 से अधिक बसें और मारूति वैन अभी चल रही, बसों में सुविधा व संसाधनों का अभाव

# बच्चों की जान से खिलवाड़ : पुरानी बस को डेंटिंग पेंटिंग कर बदल देते हैं सूरत, खामियां नहीं होतीं दूर

बसों में सुविधा व संसाधनों का अभाव है। भैरूंदा नगर में दौड़ रहे स्कूल वाहन एक चौथाई से अधिक जिनकी पासिंग इंदौर या भोपाल की है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

प्राइवेट स्कूलों के संचालक प्रदेश के दूसरे जिलों से पुरानी बसों को कम कीमत पर खरीद कर उनमें छात्रों को घर से लाने और ले जाने का काम कर रहे हैं। पहले से खस्ताहाल इन बसों पर रंग रोगन कर ऐसा बना दिया जाता है कि देखने वाला यही कहेगा कि स्कूल ने बच्चों के लिए नई बस खरीदी है। पहले से आधे से ज्यादा स्कूलों में ऐसा ही हो रहा है, क्योंकि पुरानी बस कबाड़ के भाव मिल जाती है, जिसकी मरम्मत आदि कराकर बसों की खामियों को छिपाया जा रहा है। मिलीभगत कर इन खामियों को जानबूझ कर अनदेखा कर दिया जाता है।

खटारा वाहन खरीदकर रंगरंगोन के बाद चला रहे स्कूलों में भैरूंदा नगर में स्कूल बसों के संचालन के नाम पर मोटी कमाई की जा रही है। कई लोग तो कंडम वाहन खरीदकर उनमें रंगरोगन कराने के बाद उन्हें स्कूल बसों के रूप में चला रहे हैं। इन बसों में सुविधा व संसाधनों का अभाव है। भैरूंदा नगर में दौड़ रहे स्कूल वाहनों एक चौथाई से अधिक जिनकी पासिंग इंदौर या भोपाल की है, कुछ बसों पर लिखे रजिस्ट्रेशन नंबर ही दिखाई नहीं दे रहे थे।

**स्कूलों ने बंद कर रखे बसों के मीटर :** करीब 50 से अधिक बसें और मारूति वैन प्राइवेट स्कूलों में इस वक्त सड़कों पर दौड़ रही हैं। इन बसों को कंडम होने से बचाने के लिए स्कूलों ने इनके मीटर बंद करवा रखे हैं। क्योंकि स्कूल बस किलोमीटर या फिर मॉडल के हिसाब से ही कंडम होती है। किलोमीटर के हिसाब से बस कंडम न हो, इसलिए आधे से ज्यादा बसों के मीटर बंद करा रखे हैं। आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने कभी इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। अधिकारी दावा करते हैं वे स्कूलों में जाकर बसों की चेकिंग करते हैं, लेकिन एक जगह खड़ी बस पर स्कूल का नाम, हेड लाइट,अग्निशमन यंत्र व फर्स्ट एड बाक्स देख कर खानापूर्ति कर दी जाती है। आधी कीमत पर मिल जाती है।

**बस 15 साल से पुरानी नहीं होनी चाहिए :** आरटीओ के नियम अनुसार यदि बस पुरानी है तो उसका मॉडल 15 साल से ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए। स्कूल बसों को पास करते समय सीसीटीवी, शीशे, अग्निशमन यंत्र,आरसी, मॉडल समेत अन्य जरूरी चीजों का ध्यान रखा जाता है। जिस बस में खामी मिलती है उसे दूर करने के लिए समय देते हैं। बसों में स्कूल का नाम,टेलीफोन नंबर लिखा हो। वाहन का कलर पीला हो, बीच में नीले रंग की पट्टी पर स्कूल का नाम हो। वाहन चालक को पांच वर्ष का अनुभव हो। सीट के नीचे बस्ते रखने की व्यवस्था हो। बस में अग्निशमन यंत्र हो। बस के दरवाजे तालेयुक्त हों। प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बाक्स हो। स्कूली बसों में चालक व परिचालक के साथ उनका मोबाइल नंबर लिखा हो। प्रत्येक वाहन में स्पीड गर्वनर और चालू हालत में सीसीटीवी कैमरा हो। जीपीएस सिस्टम लगा हो। छात्राओं के लिए बस में महिला सहायिका हो। इसके अलावा भी कई निर्देश परिवहन निगम के भी हैं। जिसका उल्लंघन स्कूली वाहन संचालन में किया जा रहा है। स्कूली वाहनों के फिटनेस की पड़ताल की जाती है। स्कूल खुलने के बाद छात्रों को ढोने वाले वाहनों की पुनःजांच की जाए नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले वाहनों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

**बच्चों की सुरक्षा से खेल रहे स्कूल बस संचालक :** स्कूली बसों के संचालन का मानक ताक पर है। बच्चों की सुरक्षा के सभी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्कूल-प्रबंधन हो या फिर वाहनों के स्वामी अथवा इनकी निगरानी की जिम्मेदारी संभाल रहे जिला परिवहन निगम के अफसर सभी बच्चों की सुरक्षा से खेल रहे हैं। न तो इनके फिटनेस की नियमित जांच होती है न ही उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार जरूरी उपाय वाहनों में किए गए हैं।

### बसों में इन मानकों को पूरा करना है अनिवार्य

- बसों में बच्चों की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया स्टाफ, कंडक्टर महिला अटेंडेंट पूरी तरह से ट्रेंड होने चाहिए। उनके साथ एक टीचर इंचार्ज भी हो।
- बसों में फर्स्ट एड किट के साथ फायर एक्सटिंगशर होना भी अनिवार्य है।
- बसों में नियुक्त किया गया स्टाफ अपनी यूनिफार्म में होना चाहिए तथा उसके पास सिविल सर्जन से मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र होना चाहिए।
- स्कूल बसें पीले रंग की होनी चाहिए और उस पर नीले गहरे रंग की पट्टी लगानी अनिवार्य है।
- स्कूल बसों के आगे सफेद चमकीली पट्टी तथा पीछे लाल रंग की पट्टी होनी चाहिए।
- बसों की स्पीड कंट्रोल करने के लिए स्पीड गवर्नर लगे होने चाहिए। स्कूल बसों पर आगे तथा पीछे च्स्कूल बसज अवश्य लिखा होना चाहिए और यदि किराये पर बस है तो ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए।
- बस में सभी आवश्यक परमिट, इंश्योरेंस, पंजीकरम प्रमाणपत्र, प्रदूषण प्रमाणपत्र आदि दस्तावेज पूरे होने के साथ ही बस ड्राइवर अनुभवी कुशल होना चाहिए। उसके साथ एक परिचालक भी होने चाहिए।
- बसों में एक सीसीटीवी कैमरा आगे एक पीछे होना चाहिए, जिनमें डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग टिल्ट जूम आदि की क्षमता हो। इन सीसीटीवी कैमरों की कम से कम 15 दिन की रिकार्डिंग की क्षमता होनी चाहिए।
- स्कूली बसों में लड़कियां यात्रा करती हैं तो उन बसों में महिला अटेंडेंट का होना अनिवार्य है।
- बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम लगा हो।
- बस ड्राइवर के पास बस चलाने का कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए। इस दौरान 3 बार से अधिक चालान नहीं कटा होना चाहिए।
- बस संचालक के पास स्कूल वाहन का परमिट या स्वीकृति पत्र पास होना अनिवार्य है। शहर में बसों की स्पीड अधिकतम 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक होनी चाहिए।
- टायरों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए।
- बस में ऑटोमेटिक डोर लगा हो।
- आपातकालीन ब्रेक की स्थिति ठीक होनी चाहिए।
- इंडिकेटर कार्य करने चाहिए।
- हेडलाइट एवं बैक लाइट चालू स्थिति में होनी जरूरी।
- रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए।
- रिफलेक्टिव टेप आगे और पीछे नियमों के तहत लगी होनी चाहिए।
- रूट बोर्ड और समय सारिणी लगी होनी चाहिए।
- पुलिस के नंबर के साथ नियंत्रण कक्ष और स्कूल मालिक का नंबर साफ लिखा होना जरूरी है।

### पुलिस के साथ करेंगे कार्रवाई

पुलिस के साथ मिलकर स्कूल बसों का फिटनेस, बीमा, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा के लिए नियम अनुसार जीपीएस सिस्टम और अग्नियंत्र फर्स्ट एड बाक्स अनिवार्य है। जिन स्कूल की बसों में कमियां पाई जाएगी हैं उन बसों पर कार्रवाई की जाएगी।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम भैरुंदा

## 2 साल से जमीन के लिए भटक रहा रिटायर्ड फौजी:तहसीलदार ने पक्ष में सुनाया था फैसला



**सीहोर।** भूतपूर्व सैनिक मांगीलाल चंद्रवंशी की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। अब पीड़ित न्याय के लिए 2 साल से राजस्व विभाग का चक्कर काट रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पीड़ित चंद्रवंशी ने कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि सीहोर के ग्राम बड़नगर में उसकी 5 एकड़ कृषि भूमि है। जिस पर एक व्यक्ति ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। साथ ही पिछले 25 साल से वह खेती भी कर रहा है।

मामले को लेकर मांगीलाल चंद्रवंशी ने बताया कि जब भारतीय सेना से रिटायर हुए तब सरकार ने बड़नगर में 3 सैनिकों को 5-5 एकड़ कृषि भूमि दी थी। मेरे नाम पर खसरा नंबर 26/4 आवंटित हुई, जिसका पट्टा मुझे दिया गया था। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से मैं अपनी भूमि पर नहीं जा सका। इसकी शिकायत मैंने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार से की थी। उन्होंने 2022 में मेरे पक्ष में फैसला सुनाया था। लेकिन अभी तक मुझे कब्जा नहीं मिला है। बताया कि वर्ष 1971 के युद्ध में वह शामिल थे। कहा कि देश के खातिर अपनी जान दांव पर लगाने वाले भूतपूर्व सैनिक को अपने ही देश में जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। चंद्रवंशी ने बताया कि 1980 में रिटायरमेंट के बाद उन्हें जमीन का पट्टा मिला था। बीमारी के चलाते वह जमीन पर नहीं जा सके। एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया।

### भूतपूर्व सैनिक ने मंत्री से भी लगाई न्याय की गुहार

भूतपूर्व सैनिक मांगीलाल ने जमीन से कब्जा छुड़ाने के लिए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से भी न्याय की गुहार लगाई है। पूर्व में मंत्री ने भी जिला प्रशासन के अधिकारियों को जमीन का कब्जा दिलाने के लिए निर्देश दिए थे। लेकिन कब्जाधारी ने जमीन पर फिर कब्जा कर लिया। इस विषय में मंत्री ने भी कब्जाधारी के प्रति कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस बारे में एसडीएम सीहोर तन्मय वर्मा ने बताया कि इस समय जमीन से काफी शिकायतें आ रही हैं। मेरी जानकारी में मामला नहीं है, जांच करा लेता हूं।

### लोडिंग ऑटो के कांच फोड़कर चालक से लूटे पांच लाख रुपए

**सीहोर।** गुरुवार सुबह कर्बला रोड स्थित ईदगाह के पास लोडिंग ऑटो का कांच फोड़कर चालक के साथ मारपीट करते हुए चार बदमाशों ने उसके पास रखे पांच लाख रुपए छीन लिए और भाग गए। पीड़ित चालक ने थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कराया है। इंदौर निवासी संदेश जैन अपने लोडिंग ऑटो स्टील फेब्रीकेशन का सामान भरकर सीहोर लाया था। बताया जाता है कि यहां मछली पुल स्थित एक व्यापारी के यहां उसने माल खाली किया। व्यापारी ताहिर हुसैन ने उसे पांच लाख रुपए दिए ताकि वह अपने सेठ के पास ले जाकर जमा कर दे। लेकिन गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जब संदेश जैन ऑटो लेकर वापस इंदौर जा रहा था तभी कर्बला रोड पर ईदगाह के समीप खड़े चार लोगों ने ऑटो रोका और वाहन का कांच फोड़कर पांच लाख रुपए छीनकर भाग गए। सूत्रों की मानें तो पुलिस इस मामले में लोडिंग ऑटो चालक की भूमिका को संदिग्ध मान रही है।

## हलहारिणी अमावस्या: नर्मदा में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, गरीबों को बांटी भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाबरी में हलहारिणी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने बाबरी घाट पहुंचकर स्नान किया। यहां तिलाड़िया, महागांव, झागर, दिगवाड़, श्यामू गांव, चांदपुरा, आगरा, सतराना गांवों से लोग बाबरी घाट पर पहुंचे।

बाबरी घाट के शिव मंदिर के पुजारी कैलाश दुबे ने बताया कि यहां पर स्नान करने का विशेष महत्व है। इस स्थान का वर्णन शिव महापुराण में भी किया गया है, इस स्नान घाट को बरबेशर महादेव के नाम से जाना जाता था, जो कि आज नर्मदा घाट बाबरी के नाम से जाना जाता है। शुक्रवार को हलहारिणी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान किया। साथ ही निःशक्त जन को भोजन सामग्री वितरित की गई।



## काम में लापरवाही बरतने पर की कार्रवाई : तीन आउटसोर्स मीटर रीडरों को आदेशों की अवहेलना करने पर कार्य से किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बिजली कंपनी में लापरवाही करने वालों की अब खैर नहीं है। कंपनी ने अब सख्त कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। इसी के तहत तीन कर्मचारियों को हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार मीटर की फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने और गलत मीटर रीडिंग लेने पर मीटर वाचकों पर सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कंपनी कार्यक्षेत्र के रायसेन में 3, सीहोर में 3 और दतिया, भिंड व राजगढ़ में एक-एक आउटसोर्स मीटर वाचक को आदेशों की अवहेलना और मीटर वाचन में लापरवाही बरतने के आरोप में सेवा से पृथक किया गया है। बताया गया है की मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं के परिसर पर एक्युरेसी के साथ मीटर रीडिंग होना चाहिए। मीटर रीडिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को विद्युत देयक दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मीटर वाचकों के कार्य पर निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखी जाए, जो मीटर वाचक कर्तव्य पालन में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें सेवा से पृथक किया जाए।

## जिला अस्पताल में पलंग खाली नहीं, बीमारियों का बढ़ रहा प्रकोप

# मौसम में बदलाव के कारण हर दिन उल्टी-दस्त, बुखार, पेटदर्द की ओपीडी 1200 से ज्यादा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मौसम में बदलाव के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। करीब एक महीने से मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल में सामान्य दिनों में 500 से 600 मरीज पहुंचते थे, लेकिन वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 1200 पहुंच गई है। ओपीडी में सबसे अधिक उल्टी, दस्त, बुखार और पेटदर्द, सर्दी खांसी के मरीज शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। जिनमें सबसे ज्यादा 14 साल से नीचे के बच्चे हैं।

मरीजों की संख्या बढ़ते ही अस्पताल में पलंग भर गए हैं। इस समय मौसमी बीमारी के चलते अवकाश के दिन छोड़कर अन्य दिनों एक हजार से ऊपर ओपीडी पहुंच रही है। ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की बात करे तो एक जुलाई को 1 हजार 204 और 2 जुलाई को 1 हजार 250 यानी दो दिन में दो हजार से अधिक मरीजों के ओपीडी के पर्चे काटे गए।



### रोज 200 से अधिक सैंपल लिए जा रहे, सभी जांच निशुल्क

हालांकि 300 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल में इन दिनों एक हजार से अधिक निशुल्क जांचें हो रही हैं। जानकारी अनुसार अस्पताल में रोज 200 से अधिक सैंपल आ रहे हैं। एक मरीज की 10 से 15 प्रकार की जांचें एक ही छत के नीचे हो रही हैं। इससे पहले अस्पताल में मरीजों की अलग-अलग विभाग में जांचें होती थीं। कई जांचों के लिए मरीजों को प्राइवेट लैब में जाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। ये जांचें अब निशुल्क होने लगी हैं। कोरोना से पहले जिला अस्पताल में 48 से 50 जांचें होती थीं, लेकिन अब 132 प्रकार की जांचें हो रही हैं।

### घर-घर दस्तक अभियान जारी

दस्तक अभियान के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को ठीक रखने के उद्देश्य से घर-घर जाकर जांच की जा रही है। यह अभियान 27 अगस्त तक चलेगा। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर बच्चों की जांच करें और बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार करें। उन्होंने दस्तक दल को एचबी परीक्षण, एनीमिया चिन्हांकन, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, डायरिया चिह्नांकन एवं प्रबंधन, जन्मजात विकृति चिह्नांकन तथा छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेड़ लगाने का फोटो वायुदूत मोबाइल एप में अपलोड करना जरूरी

### सीहोर में 50 हजार से अधिक का पौधारोपण का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में 15 जुलाई तक पौध रोपण किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण और धरती को बचाने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं।

कलेक्टर ने कहा कि जहां पर पौध रोपण के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं वहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए पौध रोपण से पहले पौधा रोपण करने वाले व्यक्ति के मोबाइल पर वायु दूत ऐप डाउनलोड कराएं और पौधा रोपण के पश्चात एप पर फोटो अपलोड कराएं। वीसी में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 50 हजार से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। हर विभाग को पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 50 पौधे तथा प्रत्येक नगर पालिका परिषद को 500 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग को 5 हजार पौधे, जन अभियान परिषद को 10 हजार पौधे, नेहरू युवा केंद्र को 5 हजार पौधे, जिला शिक्षा केंद्र को 5 हजार पौधे, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को 5 हजार पौधारोपण सहित अन्य विभागों को भी लक्ष्य दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 27 जुलाई को होगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा। पर्यटन क्विज 2024 के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित की गई है। पंजीयन के लिए लिंक पर पंजीयन किया जा सकता है। प्रत्येक दल मे तीन सदस्यो का होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता के पंजीयन का उत्तरदायित्व संस्था प्राचार्य का होगा। इसके लिए जिले के सभी संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्य सहित जिले के सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विद्यालय का दल सम्मिलित कराए जाने के निर्देश दिए गए है।

### जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ प्राप्त करें

**सीहोर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ बैंक खाताधारक 18 से 50 वर्ष के आयु समूह के उन सभी व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने इस योजना में शामिल होने तथा ऑटो-डेबिट के लिए अपनी सहमति दी हो। योजना में दो लाख रूपये का जीवन कवर एक जून से 31 मई तक की एक वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है। योजना के अंतर्गत किसी भी कारण से बीमित व्यक्ति की मृत्यु के मामले में दो लाख रूपये का जोखिम कवरेज है। इसका प्रीमियम 436 रूपये प्रति वर्ष है, जो अभिदाता द्वारा दिये गये विकल्प के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रत्येक वार्षिक कवरेज के लिए 31 मई या उससे पूर्व उनके बैंक खाते से एक किश्त में ऑटो- डेबिट किया जाता है। इस योजना का प्रस्ताव जीवन बीमा निगम तथा अन्य जीवन बीमाकर्ता, जो इस प्रयोजन से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्ति करके तथा बैंकों से समझौता करके इन्हीं शर्तों पर इस उत्पाद का प्रस्ताव करने के लिए इच्छुक हो, द्वारा किया जाता है।

### जल निकासी के लिए पुलिया बनाने 20 फीट जगह छोड़ी, लेकिन बनी नहीं, किनारे की पटरियां भरना भी बाकी

# मूलभूत सुविधाओं का अभाव सीहोर से 4 किलोमीटर दूर मुगीसपुर गांव के लोगों ने कहा-आंदोलन करेंगे

सीहोर विकासखंड के कई गांवों में मूलभूत समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुगीसपुर में सड़क की पटरी नहीं होने से जहां वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है तो वहीं कई गांवों में खराब सड़कों के कारण बरसात के दिनों में लोग परेशान रहते हैं। इस गांव में अधूरी पुलिया बनी है जिसके कारण भी समस्या है। इसी तरह सीहोर विकासखंड के कई गांवों में मूलभूत समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

सीहोर से 4 किलोमीटर दूर मुगीसपुर गांव से एक सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क बनाते समय मेन रोड से कनेक्ट करने और जल निकासी के लिए पुलिया बनाने करीब 20 फीट जगह छोड़ी थी, लेकिन अब तक पुलिया नहीं बनाई गई है।

#### मुरुम डाल समतल नहीं किया

पुलिया के अधूरे निर्माण से बारिश में वहां पानी भरा रहने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है तो वहीं सड़क किनारे की पटरियां भी भरना बाकी है।

अजिंक्य विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क के किनारों पर मुरुम डालकर समतल नहीं कराई गई है। सड़क किनारों से ऊंची है जिससे वाहन चढ़ाते समय फिसल रहे हैं और गिरकर घायल हो रहे हैं। सड़क भी अब खस्ता हाल हो चुकी है। गिट्टी उखड़ गई हैं जिससे वाहन चालकों के साथ लोगों को परेशानी होती है।

#### किनारों से एक फीट ऊंची है सड़क

अजिंक्य विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क किनारों से ऊंची है। वहीं सड़क इतनी संकरी है कि एक बार में सिर्फ एक ही वाहन निकल पाता है। ऐसे में हादसे होने का खतरा बना रहता है।

लोगों ने भी कई बार जिम्मेदारों से इस समस्या को अवगत कराया लेकिन हुआ कुछ नहीं। यदि सामने से दूसरा चार पहिया वाहन आ जाता है तो क्रासिंग में दिक्कतें होती हैं। किसी एक चालक कोगाड़ी नीचे उतारना पड़ती है। यह आखिरी कब तक चलेगा, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

#### गांवों के कच्चे रास्तों पर चलना कठिन

सीहोर विकासखंड के कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी कच्चे रास्ते हैं। अक्सर बरसात के दिनों में जब पानी भराव की स्थिति बनती है तो इन सड़कों के कीचड़ से गुजरना कठिन हो जाता है। पैदल चलना तो दूभर हो जाता है। कई बार तो कीचड़ के कारण वाहनों को निकलने में परेशानी होती है लेकिन इसके बाद भी इस तरह की समस्याओं का समाधान नहीं निकल सका। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आज भी लोग रहने को विवश हैं। कई जगह पुलियाओं की स्थिति काफी खराब है। इसलिए पानी का भराव रहता है जिससे सड़कें तो खराब होती ही हैं लेकिन यह पानी गांव में या फिर खेतों में भर जाता है। इसलिए सबसे पहले पानी निकासी की व्यवस्था को देखना चाहिए।

## जिले में 165.4 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 3.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0 मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 2, बुधनी में 15, रेहटी में 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से पांच जुलाई को सुबह 8 बजे तक 165.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 181.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से पांच जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 240.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 224.5, आष्टा में 119, जावर में 133, इछावर में 266, भैरूंदा में 109, बुधनी में 112 तथा रेहटी में 119.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## सीलखेड़ा में दूर होगी पानी की किल्लतः नर्मदा पाइप लाइन का काम शुरू, जल्द घर-घर तक पहुंचेगा जल



**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत सीलखेड़ा में नर्मदा पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई शुरू हो गई है। अभी तक गांव के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। गर्मी के दिनों में जल स्तर गिरने से ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। गांव के पटेल महेश मीना, कपिल, अरुण ने बताया कि नर्मदा लाइन से पानी को लेकर जो समस्या थी वह अब उसका समाधान हो जाएगा। पीने के पानी के लिए दूर-दूीर तक भटकना पड़ता था, अब भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, ग्रामीणों में नर्मदा लाइन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## मंत्री को पुण्यतिथि पर श्रद्धा से किया याद, स्कूली बच्चों को पाठय सामग्री वितरित कर किया पौधरोपण





**सीहोर।** शुक्रवार को पावर हाउस चौराहा स्थित पूर्णिमा औषधालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व विधाय, मूर्धन्य पत्रकार हरिकृष्ण सिंह मंत्री का 41वां पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थिजन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके साथ ही शामा शाला नई चंदेरी में पौधरोपण किया एवं पाठय सामग्री का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सेवा निवृत्त सिविल सर्जन डा गिरीश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, शैलेन्द्र पहलवान, हरीश आर्य, विनोद पंसारी, द्वारिका बांसुरिया, रामसिंह परमार, जोरावर सिंह, हीरालाल शर्मा, ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मंत्री के पुत्र वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह ने कई संस्मरण सुनाए। आभार हरीश आर्य ने माना। इसके बाद शा.म. शाला नई चंदेरी में मंत्री की पुत्र वधू एवं शिक्षिका रेखा सिंह ने स्कूली बच्चों को स्मृति में पाठ्य सामग्री का वितरण किया एवं शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। इस अवसर पर शिक्षिका आरती राठौर, शिक्षक गण मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रवाल महासभा करेगी पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पौधरोपण और संरक्षण जनकल्याण का बड़ा माध्यम है। इसे खुद के साथ लोक कल्याण भी होता है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया पौधा रोपण का लाभ उसके और उसके परिवार के साथ सभी लोगों को मिलता है। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सोनू गोयल ने बताया कि मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला इकाई सीहोर द्वारा महिला महासभा, युवा महासभा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से 7 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे से गणेश मंदिर के पीछे गोयल फूड प्रोडक्ट के सामने पौधरोपण किया जायेगा। ज्ञात है कि सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउण्डेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण किया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित समाज जनों द्वारा फूल, फल एवं औषधिय पौधे सहित विभिन्न प्रजापति के पौधे रोपे जायेगें, जिनकी सुरक्षा की गारंटी उन्ही लोगों को संकल्प दिलाकर दी जायेगी, जिनके द्वारा यह पौधे रोपित किये गये हैं। सोनू गोयल ने समस्त पर्यावरण प्रेमियों से पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## दुधिया रोशनी से रोशन होगा शहर, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया पूर्व सीएम शिवराज का आभार व्यक्त



**सीहोर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर, विकसित करने के साथ रौशन करने का क्रम किया जा रहा है। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने गौरव दिवस के मौके पर करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए जो सौगात दी थी, अब नगर पालिका के द्वारा इस पर अमला किया जा रहा है। गुरुवार की शाम को शहर को रोशन करने के कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्य का श्रीगणेश शहर के प्राचीन गणेश मंदिर से पूर्ण विधि-विधान से किया गया है। अब शहर के प्रत्येक वार्ड को रोशन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि शहर के प्रत्येक वार्ड के खंभों में जल्दी ही एलईडी लाइट लग जाएगी। इससे सभी शहर के मोहल्ले दुधिया रोशनी से जगमगा उठेंगे। इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके बाद हर शहर में बिजली की खपत आधी हो जाएगी। शुभारंभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र राठौर, मान सिंह पवार, सुभाष मेवाड़ा, कमलेश कटारे, प्रदीप बिजोरिया, विपिन सास्ता, सुदीप व्यास, अजय पाल, आजम नेता, संतोष शाक्य, मुकेश मेवाड़ा, लोकेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र राजपूत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा परिहार, दिलीप राठौर, राजेश परिहार, आशुतोष त्यागी, सोनू ठाकुर, प्रेमलता राठौर आदि शामिल थे।

## जल संरक्षण पर दिया जोर, अगले तीन साल में घर-घर पहुंचेगा नि:शुल्क जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर जिले के पंचायत थुना खुर्द में आउटरीच सोशल आर्गनाइजेशन ने जन सभा का आयोजन किया गया। यहां की ग्राम पंचायत भवन परिसर में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित भोपाल की ओर से परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीहोर के कार्यादेश पर आयोजन हुआ। इसमें गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

संस्था के भैयालाल सोलंकी, आफताब अंसारी ने जन सभा में जनता को जल जीवन मिशन के तहत गांव में हर घर नल हर घर जल योजना की स्वीकृति मिलने की बात की। इस दौरान नल-जल योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात पर जोर दिया गया। इसके साथ ही पंचायत के लोगों को जल से संबंधित विभिन्न बातों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लोगों को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया।

संस्था की ओर से बताया गया कि योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर आगामी 3 सालों में काम पूरा कर दिया जाएगा। केन्द्र राज्य सरकार और ग्रामीणों के सहयोग से गांव में नि:शुल्क नल कनेक्शन लगाए जाएंगे। इसमें ग्रामीणों को फायदा होगा।

## थाना प्रभारी की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी



**भैरूंदा।** गोपालपुर थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह का थाना वाहन अनियंत्रित हो कर पलटी खा गया जिसमे थाना प्रभारी बाल बाल बचे। गुरुवार की श्याम को थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि इछावर तहसील के बारह खम्बा की और से गोपालपुर आ रहे थे उसी दुरान ग्राम दुंडवाना में रूट डायवर्ट कर रखा था वारिश के चलते मिट्टी में टायर फिसल गया और बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। जिसमे विलोरो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार से बाहर निकलकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया थाना प्रभारी ने कहा में सुरक्षित है। घटना में हल्की चोट आई है। थाना प्रभारी की सूचना पर थाना गोपालपुर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जेसीबी की मदद से पलटी हुई कार को बाहर निकलवाया।

## कृषि वैज्ञानिक ने किया फसल का नैदानिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कृषि विज्ञान केंद्र, सेवनिया के पौध संरक्षण एवं कृषि वैज्ञानिक दीपक कुशवाह द्वारा टीम के साथ विकासखंड इछावर के ग्राम आमाझिर, मोगरा एवं नरसिंह खेड़ा में सोयाबीन फसल का नैदानिक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान यह देखा गया कि मक्खी, कीट एवं सडन रोग के कारण फसल पीली पडकर सूख रही है एवं रोग के प्रकोप के कारण सोयाबीन फसल के पौधे जमीनी सतह से गलकर गिर रहे है। भ्रमण के दौरान कीट व रोग के त्वरित निदान के लिए किसानों को कीटनाशक इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 50 मिली प्रति एकड, एसिटामेप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 50 ग्राम प्रति एकड एवं रोग के निदान के लिए थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत डब्ल्युपी 400 ग्राम प्रति एकड की दर से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करने की सलाह दी गई। साथ ही सभी किसानो को सलाह दी गई कि अपनी फसलो कि सतत निगरानी करे एवं किसी भी प्रकार का रोग व कीट का प्रकोप दिखाई देने पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों व कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करे।

### सीवन नदी की सफाई और गहरीकरण के दौरान 200 डंपर मिट्टी निकाली थी

# नदी किनारे पटक रहे मलबा, बहकर सीवन में मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल बारिश के पानी के साथ आने वाली मिट्टी धीरे-धीरे गाद बनकर नदी की गहराई कम कर देती है। उथली होती नदी में जलभराव की मात्रा लगातार कम होती चली जा रही है। एक तरफ जहां बारिश से पहले नपा ने नमामि गंगे अभियान के तहत लाखों रुपए खर्च कर दो-दो पोकलेन और जेसीबी मशीन लगाकर सीवन नदी से मिट्टी के टीले हटाकर सफाई और गहरीकरण करवाया था। वहीं दूसरी तरफ लोग नदी को फिर से गंदा करने मलबे से भरने में लगे हुए हैं।

दरअसल कुछ लोग नदी किनारे मकान का मलबा पटक रहे हैं। अब यह मलबा पानी के साथ या दूसरी तरीके से वापस नदी में ही चला जाएगा। लेकिन लोग समझने को तैयार नहीं हैं।

**नदी किनारे फेंक रहे लोग कचरा :** कुछ लोगों ने चद्दर पुल के पास मलबा पटक दिया है। ऐसे ही कई जगह सीवन नदी पुल पुरुष घाट के पास, चद्दर पुल, स्वदेश नगर, बकरी पुल, बड़ियाखेड़ी आदि जगह नदी किनारे कचरा डाल रहे हैं। जिससे नदी उथली होने के साथ ही पानी गंदा होता है। नदी से लगभग पूरे शहर में पानी की सप्लाई होती है। पानी गंदा होने से लोग बीमारियों का शिकार भी बन सकते हैं।

#### 2700 क्यूबिक मीटर की थी खुदाई

नदी की सफाई और गहरीकरण का काम करीब एक महीने काम चला। इस दौरान नदी से कई ट्रॉली जलकुंभी और 2700 क्यूबिक मीटर की खुदाई की गई। वहीं लगभग 200 डंपर मिट्टी निकाली गई थी।

**इन जगहों के जलस्त्रोत होते हैं रीचार्ज :** सीवन नदी के भरे रहने से गंगा आश्रम, स्वदेश नगर, बड़ियाखेड़ी, कोलीपुरा, ब्रह्मपुरी कालोनी, दांगी कालोनी, इंदौर नाका, छावनी क्षेत्र, कस्बा आदि जगह के जलस्त्रोत रीचार्ज होते हैं।


# 16 साल से अटैचमेंट पर चला अधिकारियों का हथौड़ा, डॉ कठेरिया हुए कार्यमुक्त

**वहीं सीएमएचओ ने गर्भस्थ महिलाओं के इलाज को ध्यान में रखते हुए डॉ स्वाती को नहीं किया रिलीव**

**2 जुलाई को रिलीव होने के बाद भी गुरूवार को जिला मुख्यालय के उपस्थिती रजिस्टर में कर दिए थे हस्ताक्षर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला चिकित्सालय में बने रहने के लिए डॉ राजेन्द्र कठेरिया के सभी प्रयासों पर विराम लग चुका है। अब उनके पास खुजनेर जाने के अलावा कोई और उपाय नहीं बचा है। सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा पहले ही इनको मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश जारी कर चुकी थीं और अब रही सही कसर 2 जुलाई को जारी सिविल सर्जन के कार्यमुक्त आदेश ने पूरी कर दी। 2 जुलाई को सिविल सर्जन के द्वारा जारी आदेश में साफ साफ कहा गया है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया एमएस सर्जन को उनकी मूल पदस्थापना स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में कार्य किए जाने के लिए कार्यमुक्त किया जाता है।


कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/अ.प्र./2024/2391
आदेश
02/07/2024 को कार्यमुक्त किया जाता है।
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.
पृ.क्रमांक/अ.प्र./2024/2392
प्रतिलिपि:-
1 आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें भोपाल म.प्र.।
2 क्षेत्रीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें भोपाल संभाग भोपाल।
3 कलेक्टर जिला राजगढ़।
4 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़।
5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर।
6 श्री राजेन्द्र कठेरिया, एम.एस.।
7 लेखा/वेतन शाखा।
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़ म.प्र.
02-07-24


16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी
खबर का असर
शासन के सख्त आदेशों के बाद किन अधिकारियों ने और क्यों नहीं किया था संबंधित डॉक्टर का संलग्नीकरण खत्म, मूल पदस्थापना पर एमएस डॉ के अभाव में वर्षों से परेशान हो रहे हैं मरीज
आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!
मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कमिश्नर व कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां
जिला चिकित्सालय के डॉक्टर लगा चुके हैं कटेरिया पर भ्रष्टाचार के आरोप
इनका कहना है
हरिभूमि ने कई बाद उठाया था जिला अस्पताल में अटैचमेंट का मुद्दा
वर्षों से जमे हुए हैं सरकारी आवास पर

खबर का असर

### कभी अधिकारी तो कभी नेताओं के फोन आने की कहते रहे बात

सूत्रों की माने तो डॉ कठेरिया रिलीव न होने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कभी कलेक्टर हर्ष दीक्षित तो कभी नाम न बताकर बडे नेताओं के फोन आने की कहकर मानसिक दबाव बनाते नजर आए। यहां तक की अपने कुछ लोगों को उकसा कर ब्हाट्सएप गुरपों पर अपने बारे में पॉजीटिव माहौल बनाने की कोशिश भी की गई जिससे वरिष्ठ अधिकारियों की निगाह में अपनी उपयोगिता बताकर जिला मुख्यालय पर रूकने का माहौल बनाया जा सके।

### काम की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए डॉ स्वाति को नहीं किया कार्यमुक्त

सीएमएचओ डॉ किरण वाडीवा एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने जिला मुख्यालय पर महिला विंग में काम करने वाली डॉ स्वाती किरार को जरूरत के हिसाब से कार्यमुक्त नहीं किया। इस पर सीएमएचओ का कहना है कि जिला मुख्यालय पर महिला विंग में बहुत जरूरत है इसलिए डॉ स्वाती का कार्यमुक्त अभी नहीं किया जा सकता। यहां पर एक बात तो स्पष्ट हो गई की डॉ राजेन्द्र कठेरिया की जिला मुख्यालय पर भी कोई जरूरत नहीं है। ऐसे में उन्हें अपने मूलपदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य कंद्र पर जाकर ग्रामीण अंचल के लोगों को सेवाएं देना चाहिए।

### हटने से कई मामले उजागर होने का है डर

डॉ कठेरिया क्यों जिला मुख्यालय नहीं छोड़ना चाहते। इसके पीछे सूत्र बताते हैं कि कई राज है जो इनके कार्यकाल में उजागर नहीं हो पाए वह खुलने के डर से शायद जिला मुख्यालय पर ही बने रहना चाहते है। उल्लेखनीय है कि डॉ माथुर ने भी पूर्व में इन्हीं सम्मानीय डॉ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

### 2 जुलाई को कार्यमुक्त होने के बाद भी 4 जुलाई को कर दिए स्टॉफ रजिस्टर पर हस्ताक्षर

हालात यह है कि 2 जुलाई को डॉ कठेरिया कार्यमुक्त हो जाने के बाद भी जिला मुख्यालय का मोह नहीं छोड पा रहे। 16 साल तक बेहिसाब सुख भोगने बाले डॉ कठेरिया यह भूल गए की अब उनको जिला अस्पताल से कार्यमुक्त कर दिया है फिर भी 4 जुलाई को स्टॉफ उपस्थिती रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर कर दिए।

**इनका कहना है**

हां डॉक्टर कठेरिया को कार्यमुक्त कर दिया गया है। और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर जाकर सेवाएं देने को आदेश जारी किया जा चुका है।

**डॉ किरण वाडीवा,**
सीएमएचओ जिला राजगढ़

# मेन मार्केट में कहीं गड्ढे, कहीं डामर तो कहीं सीसी का पेबंद

## बिरसामुंडा चौक से जय स्तंभ तक की सड़क का ही भिजवाया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वर्तमान नगर पालिका परिषद के पूर्व की परिषद के जिम्मेदारों ने नगरीय विकास के जुड़े कार्यों में आगे की सोच के हिसाब से काम नहीं किया। यही कारण है कि पूर्व के कुछ निर्णय अब वर्तमान में नगरवासियों की पीड़ा के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं।

पूर्व की परिषद के समय बिरसा मुंडा चौराहे से लेकर रानी लक्ष्मी चौक तक की सड़क के डामरीकरण का प्रस्ताव संचालनालय को भिजवाया गया था। उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त बजट आया और कुछ महीनों पूर्व मेन मार्केट की आधी सड़क बनवा भी दी गई। लेकिन, अब बाकी की सड़क जिसके लिए भी प्रस्ताव भिजवाया जाना चाहिए था। वह वर्तमान में बेहद उबड़-खाबड़ हालात में है। राहगीरों सहित वाहन चालकों को इससे खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### यह होना था

राजगढ़ शहर का मुख्य मार्ग बिरसा मुंडा चौक से शुरू होकर किला क्षेत्र तक पहुंचता है। उक्त सड़क के लिए जो प्रस्ताव बनवाया गया था वह आधी सड़क के लिए ही था। रानी लक्ष्मी चौक के दोनों तरफ की सड़कों (पारायण चौक, शिवजी की छतरी) हेतु कोई प्रस्ताव न तो पूर्व में भिजवाया गया न ही वर्तमान में इसके बारे में सोचा जा रहा है। ऐसे में उबड़-खाबड़ हो चुकी सड़क से आमजनों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

**परिवहन विभाग की कार्रवाई**

# स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस बीमे के कागजात किए चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित के निर्देशानुसार आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न निजी स्कूलों की बसों की चेकिंग की। इस दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, अग्निशमन यंत्रों इत्यादि को चेक किया गया। इसके साथ ही शासन की तमाम गाईड लाईनों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इस बात को चेक किया गया।




स्कूली बसों के साथ ही परिवहन टीम ने बस स्टैंड पर यात्री बसों के साथ ही अन्य वाहनों को चेक किया। यात्री बसों के चालकों को समझाइश दी गई कि वर्षाकाल में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाएं। पुल, पुलियाओं पर पानी होने की दशा में खतरा उठाकर वाहन न निकाला जाए। इस दौरान एक यात्री बस पर चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग में टीम में प्रधान आरक्षक रमेश बाबू खरे, आरक्षक संदीप कुशवाह, राजदेव शर्मा, प्रेमनारायण कुरैचया, छोटेलाल जाटव सहित होमगार्ड के आरक्षक उपस्थित थे।

**कालीपीठ के फ्यूचर मेकर एकेडमी स्कूल का मामला**

# शिक्षकों से अध्यापन करवाया लेकिन नहीं दिया बकाया वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की विभिन्न अशासकीय स्कूलों द्वारा शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाहियों के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसे ही एक मामले में राजगढ़ ब्लॉक के कालीपीठ स्थित एक निजी स्कूल ने अपने यहां शिक्षकों से अध्यापन कार्य तो करवा लिया लेकिन उनकी कुछ महीनों की तनख्वाह नहीं दी। स्कूल संचालक को बहुत बार अवगत कराने के बाद भी जब इन शिक्षकों को वेतन नहीं मिला तो उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में इस बात की शिकायत की है। कालीपीठ में फ्यूचर मेकर एकेडमी नाम से एक निजी स्कूल संचालित है। इस स्कूल के कुछ शिक्षकों शिवानी परमार, सतेंद्र परमार, चंचल मेवाड़ा, बुलबुल मेवाड़ा से प्रबंधन द्वारा शैक्षणिक कार्य करवाया गया। लेकिन, बाद में प्रबंधन ने इनकी कुछ महीनों की तनख्वाह रोक ली। शिक्षकों द्वारा तनख्वा के बारे में पूछे जाने पर प्रबंधन द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। ऐसे में अब इन सभी शिक्षकों ने जिला शिक्षाधिकारी से स्कूल पबंधन की शिकायत करते हुए उनका बकाया वेतन दिलवाने की मांग की है। मामले में डीईओ ने बीआरसी को आगामी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

# पुलिस ने नकबजनी गैंग के 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## चोरी का मशरूका 5 लाख 90 हजार किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

क्षेत्र में घटित हुए नकबजनी व चोरी की घटनाओa का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा अति पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एसडीओपी सारंगपुर अरविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह वाघेला के नेतृत्व मे सारंगपुर क्षैत्र मे घटित हुए नकबजनी व चोरी की घटनाओं का खुलासा कर टीम का गठन किया गया।

विगत दिनो मे हुई नकबजनी की घटनाओ में घटनास्थलो का बारिकी से निरीक्षण किया गया। सायबर सेल से जानकारी प्राप्त की गई। जानकारी अनुसार 1 जुलाई को फरियादी संतोष पिता बद्रीलाल गुर्जरउम्र 46 साल निवासी भूराखेडी सारंगपुर ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया अज्ञात आरोपी ने मेरे कुए से 05 पन्नी वाला पाईप एवं लोहे की बेलगाडी कीमती 25 हजार चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध क्र 327/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना के आरोपी मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष नि ग्राम भूराखेडी की गिरफ्तारी की गयी जिससे हिकमत अमली से पूछताछ की गयी पूछताछ पर आसपास क्षेत्र में रात मे चोरिया करना बताया। महमदू के मोमोरण्डम के आधार पर थाना हाजा की अन्य चोरियां जिनके अपराध क्रंमाक क्रमशः 265/24 धारा 457,380 भादवि व अपराध क्र 327/24 धारा 379 भादवि व अपराध क्र 398्24 धारा 379 भादवि में चोरी गये मशरूका के संबंध में अन्य आरोपीयो को गिरफ्तार



कर पूछताछ की गई। अपराध क्र 327्24 धारा के आरोपी रईश पिता सौराब खांन उम्र 34 वर्ष नि डाबडी का पुरा शुजालपुरा सिटी से एक पुरानी इस्तमाली लोहे की गाडी का ढाचा कीमत 6 हजार व आरोपी मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष नि ग्राम भूराखेड़ी से बैलगाडी के लोहे के दो पहिए कीमती करीब 10 हजार को जप्त किया गया। अपराध क्र 398/24 धारा 379 भादवि के आरोपीगण मेहमूद लाला पिता स्व. महबूब लाला उम्र 30 वर्ष,गजराज सिह पिता नारायण सिह गुर्जर उम्र 38 वर्ष नि ग्राम भूराखेडी ,कादर पिता शौकत खां उम्र 30 वर्ष ,अमीर पिता शाबिर खां उम्र 22 वर्ष सर्व नि ग्राम भूराखेडी से 06 विधुत पानी की मोटर कीमती करीब 60000 रू को जप्त कर पुलिस कब्जे लिया गया है अपराध क्र 265/24 धारा 457,380 भादवि के आरोपी इमरान पिता कुर्बान शाह उम्र 34 वर्ष नि गाधी चैक पचोर से एक बिधुत मोटर थ्रेसर की जाली फावडा कीमती करीब 23000 रू व घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी पिकअप जिससे चोरी का सामान ले जाते थे को आरोपी बंसी निवासी तलेनी से जप्त किया गया आरोपीयो को गिरफ्तार न्यायालय सारंगपुर में पेश किया गया है।

# मुक्तिधाम समिति की बैठक हनुमान मंदिर में संपन्न

**सारंगपुर।** मुक्तिधाम समिति की बैठक गत दिवस श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में समिति के गत वर्ष 2023- 2024 के आय व्यय का हिसाब समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट रमेश चंद्रवर्मा ने प्रस्तुत किया और बताया कि वर्ष 2022-2023 का बैंक बैलेंस 8 लाख 34 हजार 200 रूपये था।जनता द्वारा दिये गए दान से ,बैंक ब्याज से एवं लकड़ी बिक्री से कुल 2 लाख 49 हजार 500 रुपए कीवर्ष 2023-2024 में आय हुई। तथा 4लाख 44हजार 485 रुपए हुए व्यय हुआ पिछली एवं वर्तमान बचत सहित कुल राशि 6लाख 39हजार 215 रुपए समिति के बैंक आफ इंडिया शाखा सारंगपुर में बचत खाते में जमा है। वर्ष 2023 -2024 में मुक्तिधाम पर 70 व्यक्तियों का मुक्तिधाम में दाह संस्कार हुआ ।अंत में समिति ने नगर के दानदाता का प्रति आभार व्यक्त किया एवं स्वर्गवासियों को श्रद्धांजलि देकर बैठक का समापन किया। समिति के आय व्यय के लेखा का कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष से संपर्क कर अवलोकन कर सकते है।

**त्रुटियों में सुधार कराने डीईओ को सौंपा ज्ञापन**

# संकुल प्राचार्यों ने वरिष्ठता सूची में छोड़ी कई तरह की त्रुटियां

**राजगढ़।** प्रांतीय शिक्षक संघ के तत्वावधान में गुरुवार दोपहर क्रमोन्नति एवं वरिष्ठता सूची के संबंध में जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंशी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि विभाग द्वारा 12 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों की क्रमोन्नति सूची जारी कर दी गई लेकिन अनेकों शिक्षक इससे वंचित रह गए हैं।

अनेकों संकुल प्राचार्यों ने क्रमोन्नति के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को नहीं भेजे हैं जिसके अभाव में आदेश नहीं हो पा रहे हैं। इसी तरह माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में भी नाना प्रकार की त्रुटियां हैं।



ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित करें कि त्रुटियां सुधार करने के उपरान्त मावि एवं उमावि शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को वे भिजवाएं, ताकि वरिष्ठता सूची जारी की जा सके। इस अवसर पर संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, राजकुमार खिंची, रामचरण वर्मा, संजय सिंह, बालचंद दांगी, अनिल नागर, भगवान सिंह राठौर, प्रेमसिंह वर्मा, जुगराज वर्मा, प्रेम सिंह परमार, कमल बासोदिया, गंगाधर वर्मा, अशोक मेहरिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### टंकियों की सफाई की स्थिती का जायजा लिया



**ब्यावरा।** जिला अस्पताल राजगढ़ में नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वयं पानी की टंकियों की सफाई की स्थिती का लिया जायजा।

# गुना के तीन लड़कों ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर की 67 लाख की ठगी, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना जिले के तीन लड़कों ने मुंबई के क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले एक व्यापारी से 67 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की, इसके बाद कोयंबटूर में मामला दर्ज हुआ और वहां की टीम ने धरनावदा पुलिस की टीम के सहयोग से उक्त तीन लड़कों को गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर तमिलनाडु रवाना हो गई।

धरनावद थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गुना जिले के रुठियाई व कुंभराज के 3 लड़कों ने मुंबई के साइबर क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के एक व्यापारी को फोन किया कि हम साइबर क्राइम ब्रांच मुंबई से बोल रहे हैं। तुम्हारे यहां ताइवान से एक लिपो आने वाला है, उसमें आपके विरुद्ध एफआईआर हुई है। आपका जो एक नंबर का पैसा है वह इस खाते में जमा करें। घबराए हुए व्यापारी ने बताए गए खाते पर 67 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर व्यापारी ने मामला दर्ज कराया। फिर तमिलनाडु पुलिस गुना आई और धरनावदा पुलिस का सहयोग लेकर उक्त तीनों आरोपी जो दो रुठियाई के और एक कुंभराज का निवासी है जिनके नाम रवि शर्मा, दूसरा का नाम मुकुल चंदेल, अनिल जाटव है। को धरनावदा पुलिस ने पड़कर तमिलनाडु पुलिस को सौंपा तमिलनाडु पुलिस ने न्यायालय से रिमांड लेकर तीनों को अपने साथ ले गई। यह तीनों आरोपी आपस में मित्र बताए जाते हैं।

**बिछी पाइप लाइन पर नहीं मिल पा रहा सिंचाई के लिए पानी**

# मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के जिम्मेदार नहीं कर रहे जिम्मेदारी से काम, कहीं 2 फिट तो कहीं उससे भी कम पर डाली गई है पाइप लाइन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मोहनपुरा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत ग्राम करेड़ी में किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में किसानों को अगले साल यानी 2024-2025 में भी नहीं मिल पाएगा। सिंचाई के लिए पानी, क्योंकि जो पाइप लाइन डाली गई है वह 2022 , 2023 में ही डाली गई थी, जो कि 2023 में करेड़ी ग्राम के किसानों को सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया था जो कुछ ही किसनों के खेतों में पहुंच पाया था, क्योंकि सरकार ने जैन कम्पनी को सिंचाई पाइप लाइन का ठेका दे रखा है उसकी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही हैं। जिसमें देखने मे यह आया है कि जैन कम्पनी ने ग्रामीण क्षेत्र में जिस किसी भी आदमी के पास जेसीबी मशीन है उसको ही पेटी पर पाईप लाईन डालने का ठेका दे दिया। जिसमे न तो कोई अनुभवी कर्मचारी है न विभाग के आधिकारी मौके पर जाकर काम को देख रहे हैं। यही कारण है कि प्रशासन के नियम अनुसार पाइप लाइन को कम से कम 3 फिट गहरी जमीन के अंदर डालनी है पर कही पर 2 फिट तो कही पर 1.6 फिट गहरी डाल ही है जो आज के समय मे किसानों ने आपने खेतो में गहरी जुताई की है जिसमें ही उखड़ गई।

**इनका कहना है...**

पाइप लाइन का काम अलग अलग फेज में चल रहा है, जिसके कारण पानी की सप्लाई प्रापर नहीं मिल पर रही है। सभी को नवंबर तक पानी की सप्लाई दे दी जाएगी।

**नाईशा केडियम,** एसडीओ जल संसाधन विभाग राजगढ़

### करेडी में 3 जोन में डाली गई है पाइप लाइन, फिर भी पानी नहीं

*करेड़ी में तीन जॉन में लाईन डली है जोन नम्बर 33 ,34,35 नम्बर है। पिछले वर्ष भी तीनों जोन में सही से पानी सप्लाई नही हुआ था किसानों ने सिंचाई के लिये विभाग के अधिकारी से कही बार इन तीनो लाईन के बारे में शिकायत की है कि आपके ठेकेदार ने जो पाईप लाईन डाली है वह कही पर तो ओपन ही छोड़कर चले गए हैं, कहीं पर जेड मैक्स जो है उसको मेन लाईन से ही नही जोड़ा गया है। जिससे हमें पानी नही मिल पा रहा है कहि पर लाईन डैमेज पड़ी है जो आज तक नही जोड़ी है। अब किसानों की चिंता यह है कि यह समय लाईन सही करने का था पर न तो कोई आधिकारि किसानों की समस्या सुनता है न 181 पर की गई शिकायत में भी आज दिनांक तक कोई हल निकल रहा है। किसानों को पिछले साल यह कह कर डाल दिया था कि इस बारे हम केवल पाईप लाईन को टेस्ट कर रहे है जैसे ही आप लोगों की फसल कटाई हो जायेगी हम सभी पाईप लाईनों को सही करवा देंगे। जबकि किसान महेंद्र सिंह ,श्याम सिंह का कहना है कि हमारे खेत मे जो पाईप लाईन डाली गई है उसका मेन लाईन में ठेकेदार ने कनेक्शन ही नही किया गया है मेरे खेत मे जो जेड मैक्स वाल लगा है उससे 5 पाईप लाईन जाती है जो लगभग 100 बीघा जमीन में फैली है पर उसमें पिछले साल भी पानी नही मिला है ओर इस वर्ष भी अभी तक पाईप लाईन को नही जोड़ा है हमने कहि बार इस बारे में शिकायत की है पर हर बार केवल यही आश्वसन मिलता है कि जोड़ देंगे पर आज तक नही जोड़ी गई है लाईन जबकि सरकारी आंकड़े में विभाग की ओर से ठेकेदार को पाइप लाइनों का पैसा मिल चुका है। जबकि जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है न तो विभाग के उच्च अधिकारी फील्ड में जाते है न इंजीनियर जाते है। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी व ठेकेदारों की मिली भगत से करोड़ों रुपये का भष्ट्राचार किया गया है। न तो पाईप लाईनों को सही से जोड़ा जा रहा है न ही किसानों की समस्या को सुना जा रहा है। अब बारिश होने वाली है पर आज तक पिछले साल की डैमेज पाईप लाईनों को सही नही किया गया है कैसे हमे अगले साल रबी फसल में सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।*

## खबर संक्षेप

### युवक-युवतियों का होगा परिचय सम्मेलन

**आष्टा।** मप्र मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज देवास के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को सुबह 9 बजे से देवास में स्वर्णकार समाज के सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी व मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सोनी पांचम ने देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में पूरे देश भर से हज़ारों समाज बंधु व प्रत्याशी हिस्सा लेंगे। स्वर्णकार समाज की देश भर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी व प्रमुख राजनीतिक हस्तियां कार्यक्रम में अतिथि रहेंगे। जिनके द्वारा परिचय पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। जिसके पश्चात प्रत्याशियों को परिचय पत्रिका का निशुल्क वितरण होगा। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा प्रत्याशियों को मंच पर आकर अपना परिचय देना अनिवार्य रखा गया है। कार्यक्रम में अन्य प्रदेशों व दुरूस्थ क्षेत्रों से पहुंचने वाले प्रत्याशियों के लिए संगठन द्वारा पूर्व सूचना पर निशुल्क आवास व्यवस्था व कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### मंडी में 4 हजार क्विंटल अनाज की हुई आवक

**आष्टा।** इस समय विकासखंड क्षेत्र में लगभग किसान बोवनी कार्य से निपट चुके हैं। इसके चलते बोवनी के दौरान जो सोयाबीन व अन्य जिंस बच गए हैं, उन्हें मंडी में बेचने के लिए किसान पहुंच रहे हैं। जिससे आवक में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार को मंडी में 14 हजार 532 क्विंटल की आवक दर्ज हुई। मंगलवार को कृषि उपज मंडी भाव में गेहूं लोकवन 2570 से 3121, गेहूं सुजाता 3005 से 3814, गेहूं पूर्णा 2566 से 2890, गेहूं मालवराज 2371 से 2571, गेहूं मिल 2461 से 2565, चना कांटा 4352 से 6500, चना मौसमी 6000 से 6505, सोयाबीन पीला 2000 से 4452, मसूर 2001 से 6231, राई 4900 से 5300, प्याज 400 से 3022, लहुसन 4500 से 18900 के भाव बिका। वही अधिकतर किसान अपनी उपज को बेचकर कृषि उपकरण और खाद, दवाई खरीद रहे है। तकि आने वाले समय में फसलों की अच्छे से देखभाल कर सके।

विनम्र सागर महाराज ने दिगंबर जैन किला मंदिर पर दिए आशीष वचन

# संसार में रहकर व्यक्ति धर्मात्मा तो बन सकता है, लेकिन परमात्मा नहीं: मुनिश्री

जहां तक संत नहीं पहुंच सकते वहां श्रावक पहुंचकर धर्म आराधना और महावीर का परचम लहराते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जहां तक संत नहीं पहुंच सकते वहां श्रावक पहुंचकर धर्म आराधना और महावीर का परचम लहरा देते हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज ने जीवन के चार बड़े सुख बताए,जो घर पर बिस्तर में पड़े रहने से नहीं मिलते है। जबकि दोयम छोटे-छोटे सुख घरों पर मिल जाते हैं। साधना-आराधना के लिए मंदिर जी है। संयमी को क्या देगा और एक संयमी असंयमी से क्या लेगा। संसार में रहकर व्यक्ति धर्मात्मा तो बन सकता है ,लेकिन परमात्मा नहीं बन सकता है। उक्त बातें संत शिरोमणि आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विनम्र सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने प्रवचन की जानकारी देते हुए बताया कि मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति को स्वयं पुरुषार्थ करना होगा।

### लौकिक-पारलौकिक शिक्षा के लिए घर से बाहर निकलना होगा

मुनिश्री ने कहा कि गुरुदेव आचार्य विद्यासागर महाराज कहते थे कि चार बड़े सुख बिस्तर पर पड़े -पड़े नहीं मिलता है। ज्ञान प्राप्त करने के लिए आपको लौकिक हो या पारलौकिक शिक्षा के लिए घर से बाहर ही जाना पड़ेगा। अर्थात शैक्षणिक संस्थानों व मंदिरों पर। सुख बिस्तर पर नहीं मिलता, प्रेम का सुख कहां मिलेगा, दीवारों को चाटने से प्रेम का सुख नहीं मिलता। तीसरा परोपकार का सुख दूसरों पर परोपकार करने पर मिलेगा।

### साधुओं ने प्राण न्योछावर कर दिए लेकिन धर्म नहीं छोड़ा

मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने कहा कि सालों पहले करीब दो हजार साधुओं को सूली पर चढ़ाया। उन्होंने प्राण न्यौछावर कर दिए,लेकिन धर्म नहीं छोड़ा।राहतगढ़ में सूली वहां की नदी के समीप बनी हुई है। सुदर्शन सेठ को सूली पर चढ़ना पड़ा। परोपकार से जैन धर्म मिला है। अनेक तपस्वियों के गर्म खून के कारण यह जिनालय,जैन धर्म मिला है।

### पहले 8 घंटे के लिए संयुक्त रूप से बिस्तर मिलता था, आज 24 घंटे लग्जरी बिस्तर

मुनिश्री ने कहा पहले माता बिस्तर बिछा देती थी शाम के समय, लेकिन उठाना अपने को पड़ता था । पहले आठ घंटे के लिए बिस्तर मिलता था। लग्जरी कमरे में आज चौबीस घंटे बिस्तर बिछा रहता है।

### प्रेम का सुख मोक्ष मार्ग पर मिलता है

मुनिश्री ने कहा प्रेम का सुख तो मोक्ष मार्ग पर मिलता व दिखता है। चौथा भक्ति का सुख जो घर पर नहीं मिलता है। साधना के माहौल के लिए मंदिर जी है।जो हमारी बातों को ध्यान से सुनता है, वह हमारे परिवार का सदस्य है, उसे बचाना हमारा दायित्व है। अगर भक्ति करते समय मन- हृदय एकाग्रचित्त रहेगा तो पुण्य अर्जित होता है ।आप अगर गूंगा बनकर भक्ति करते हैं तो भगवान बहरे है, एकाग्रता से भक्ति करोंगे तो भगवान भी प्रसन्न होंगे।सत्य की प्राप्ति एकांत में होती है।

### जिसका पुण्य जिसके काम आएगा

मुनिश्री ने कहा कि आपके पुण्य से पूरा परिवार नहीं तरता, परिवार के सदस्य को स्वयं पुण्य करना होगा। हम मिथ्यात्व से बचा सकते हैं। किसी भी साधु को स्वार्थ नहीं रहता और लोभ भी नहीं रहता है।एक असंयमी व्यक्ति संयमी को क्या देगा और एक संयमी असंयमी से क्या लेगा। मंदिर से कषाय रहित जीवन, शांति मिली उसके बदले में श्रद्धालु ने धन संपदा मंदिर में अर्पित की।आज फर्स्ट जनरेशन के साधु और श्रावक चलें गए।आज सेकंड जनरेशन पर जिम्मेदारी है ,उसमें आप और हम है। मुनि विनम्र सागर महाराज ने कहा कि भू-गर्भ की निकली प्रतिमा बताती है कि यहां पर हमारी आराधना करने के लिए हजारों लोग थे। माता शत्रु और पिता बेरी है जो अपने बच्चों को धर्म आराधना से नहीं जोड़ते हैं। मुनिश्री ने कहा मिथ्या दृष्टि को सम्यक दृष्टि बना सकते हैं ऐसे उपनयन संस्कार के आयोजन से । किसी भी श्रावक चले गए।

### किला मंदिर में संपन्न हुआ विधान

श्री पंच परमेष्ठी विधान के आयोजक राजेश कुमार जैन - इंजीनियर मयूर जैन बुधवारा थे। श्री पंचपरमेष्ठी महामण्डल विधान पूजन ( संगीतमय) मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में गुरुवार को प्रातः 7:30 बजे से प्रारंभ होकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर जी में अर्ध्य अर्पित कर सम्पन्न हुआ। अधिक से अधिक संख्या में श्री जिनेंद्र देव की भक्ति आराधना में श्रावक-श्राविकाओं ने शामिल होकर पुण्य अर्जन किया।

# पपनासा नदी की रेलिंग टूटी, हो सकता है हादसा

पहले हो चुकी है तीन लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पपनासा नदी पर बने रपट की रेलिंग निकल गई है। ऐसे में बारिश के समय पर रपटे पर पानी आने पर हादसा हो जाता है। आष्टा-बफापुर के मुख्य मार्ग पर बने रपट पर कुछ साल पहले एक बोलेरो बह गई थी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। अब तक इस रपट पर रेलिंग नहीं लगी है। इस रपटे की हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। यहां पर एक बड़ा गड्ढा हो चुका है, जिसकी वजह से कई बार एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि गड्ढे के कारण होने वाली परेशानी के बारे में जब ठेकेदार से इसकी मरम्मत को भी कहा गया। इसके बावजूद ठेकेदार ने गड्ढे की मरम्मत अब तक नहीं कराई। यह रोड इछावर तहसील सहित कई ग्रामों के मुख्य मार्ग बना है। यहां से लोगों की आवाजाही बनी रहती है। अब बारिश आ चुकी है। ऐसे में हादसा होने का डर बना रहता है। पूर्व सरपंच हरि सिंह वर्मा का कहना है कि यहां पर कई बहुत सारे लोग की मोटरसाइकिल गिर गई है। कई बार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पिछली बारिश में कंक्रीट बह गया था तब से ही यह गड्ढा पड़ा हुआ है। अभी तक ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं की। करीब 6 साल पहले एक बोलेरो कार बह गई थी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रेस्क्यू कराकर लोगों को बाहर निकाला था। लोगों ने यह मार्ग बनाने वाले ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने कहा कि ठेकेदार से शिकायत के बाद भी उसने निराकरण नहीं कराया। यही नहीं गांव के रामचंद्र मालविया मुगली का कहना है कि रोड में बहुत सारे गड्ढे हैं। मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने जब छुट्टी होती है, तो बच्चों को दुर्घटना होने की संभावना है। वहां पर भी बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। इनको भी सहीं नहीं कराया गया। लोगों ने बताया कि भोपाल नाके पर बोर्ड लगा है। उसके ऊपर ठेकेदार द्वारा मरम्मत का कार्य 2026 तक है लेकिन 1 वर्ष से गड्ढे की मरम्मत अभी तक कोई ठेकेदार द्वारा नहीं की गई।

### मिर्जापुर में दिखेगा आष्टा का हुनर



**आष्टा।** वेव सीरिज मिर्जापुर में आष्टा के रहने वाले अजहर कुरैशी ऊर्फ लक्की नजर आएंगे। 16 साल से फिल्म इंडस्ट्रीज में अलग-अलग काम करने के बाद यह अजहर की दूसरी मुख्य फिल्म है। इसके पहले अजहर कटहल फिल्म में मुख्य भूमिका में काम कर चुके है। सीरिज में वाल्मीकि की भूमिका निभा रहे। अजहर ने बताया की मूलतः आष्टा के निवासी है उनकी शिक्षा पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल से हुई है। उनकी माताजी आष्टा सिविल अस्पताल में सेवाए देते हुए हेड नर्स के पद पर सेवानिवृत हुई है। अजहर 9 साल तक एसएएफ में सेवाएं दे चुके है। उनके अनुसार इतने बड़े कलाकारों के साथ काम करना सुखद अनुभव था। सबसे कुछ न कुछ सीखने को मिला। वेब सीरिज के डायरेक्टर गुरमीत सिंह है। साथ ही इसमें सिनेमा जगत के मशहूर कलाकार पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, स्वेता त्रिपाठी ने अभिनय किया है।

### मुनिश्री प्रमाण सागरमहाराज ससंघ मंगल प्रवेश आज



**आष्टा।** संत शिरोमणि आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के शिष्य शंका समाधान प्रणेता, सम्मेद शिखरजी महातीर्थ पर गुणायतन को बनवाने वाले मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज, मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज, मुनिश्री संधान सागर महाराज ससंघ की मंगल नगर अगवानी शनिवार को प्रातः 7:30 बजे भोपाल नाका महाराणा प्रताप चौराहा से कर गाजे-बाजे के साथ नगर प्रवेश कराया जाएगा। श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति एवं श्री मुनि संघ सेवा समिति आष्टा ने अधिक से अधिक संख्या में मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ की मंगल आगवानी कर पुण्य अर्जन करने का आग्रह किया है। वहीं समाज के समस्त समितियों, महिला मंडलों, बहू मंडलों, मंचों, युवा संघों आदि सभी से विनम्र आग्रह किया कि वे मुनि प्रमाण सागर महाराज की अगवानी शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में अपनी-अपनी निर्धारित वेशभूषा में मंगल कलश के साथ शामिल होकर धर्म आराधना करें।

### कृष्ण भक्ति में लीन हों व्यसनमुक्त जीवन जिए

**आष्टा।** भारतीय संस्कृति में नामकरण के पीछे भी अध्यात्म और श्रद्धा का ध्यान रखा जाता है। दिवंगत जमना बाई सचमुच ही पुण्य सलिला यमुना के भांति ही होंगी। जिन्होंने कृष्ण भक्ति और स्वामीनारायण सम्प्रदाय की शिक्षाओं को आत्मसात कर परिवार को धर्मानुरागी और आत्मनिर्भर बनाया। उनके देहावसान से निश्चित ही उनकी कमी अनुभव में आएगी। एक मां के रूप में उनके दिए हुए संस्कारों को आगे बढ़ाना ही सभी परिजनों का कर्त्तव्य होना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी नारायण सम्प्रदाय व्यसन मुक्त जीवन और वैष्णव भक्ति धर्म के लिए जाना जाता है।

# कार्यशाला में समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल व योग विज्ञान से सशक्त बनाने के लिए गुर बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



समकालीन भारतीय समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल और योग विज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबीनर आयोजित हुई। शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में पांच जुलाई को शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग के साथ आईक्यूएसी के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। वेबीनार का विषय समकालीन भारतीय समाज को शारीरिक शिक्षा, खेल और योग विज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाना था। इस वेबीनार में प्रोफेसर संदीप तिवारी (ऑफिशिएटिंग प्रिंसिपल दिल्ली यूनिवर्सिटी) द्वारा तनाव मूल्यांकन एवं समाधान विषय पर प्रभावषील व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। डॉ. गौरव कुमार सिंह (सहायक प्राध्यापक, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, गया।

द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान में यह बताया गया कि एक स्वस्थ जीवन में योग कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. देवेन्द्र प्रकाष सहायक प्राध्यापक, गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज मुरादाबाद उत्तरप्रदेश द्वारा भारत में क्रीड़ा आधारभूत संरचना की स्थिति और सुधार के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस वेबीनार में थीम से संबंधित विभिन्न विषयों पर विद्वानों द्वारा रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। वेबीनार को प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल के मार्गदर्षन में नीतू परवाल क्रीड़ा अधिकारी एवं विशाल करंदीकर आईक्यूएसी प्रभारी द्वारा संचालित किया गया। इस आयोजित वेबीनार में विभिन्न राज्यों व महाविद्यालयों से प्रतिभागी व विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

# आचार्य विद्यासागर के शिष्य का श्री आदिनाथ तीर्थ धाम क्षेत्र में हुआ मंगल प्रवेश, अब जाएंगे आष्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



इछावर जनपद के श्री आदिनाथ तीर्थ धाम अमलाहा में गुरुवार को मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का ससंघ आगमन हुआ। यहां जैन समाज के साथ सभी ने मंगल आगवानी की।

सीहोर विधायक सुदेश राय, सीहोर के समाज के अध्यक्ष अजय जैन सहित अन्य लोगों ने मुनिश्री से आशीर्वाद लिया। आचार्य विद्यासागर के शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ आष्टा जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार मुनि श्री का चातुर्मास आष्टा में ही होगा। मुनिश्री के आगमन सूचना पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग अमलाह पहुंचे। उन्होंने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व सरपंच दीपक जायसवाल, विमल, विकास गोधा, पंकज अशोका गार्डन, कैलाश, मुकेश बड़जात्या, शिखरचंद अमलाहा, दीपचंद कोठरी, रमेश रनायल, महिपाल धामन्दा, अनुज सीहोर आदि ने मुनि श्री पाद प्रक्षालन का लाभ लिया। मुनिश्री ने अमलाहा पब्लिक स्कूल हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों की शंका समाधान किया।

हिंदुओं को संसद में हिंसक कहने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

# राहुल गांधी अपने बयान पर हिंदुओं से माफी मांगें: संजीव सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत दिवस देश की संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक झूठ फैलाने वाला कहा इसमें हिंदू समाज आहत है भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर आस्था द्वारा कृषि उपज मंडी के बाहर राहुल गांधी के पुतले के साथ आक्रोश नारेबाजी करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पंचम ने कहा कि हिंदुओं का इतिहास साक्षी है हिंदुओं ने न तो मोबाइल जैसी घटना की है न भारत विभाजन पर मार काट की है न देश में कभी हिंसा की है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक एवं झूठ फैलाने वाला कहा है जबकि कभी भी किसी हिंदू ने न तो उकत्कृत किया है ना देश के इतिहास में कभी किसी हिंदू राजा ने किसी मुस्लिम ईसाई राज्य पर आक्रमण किया विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपनी मानसिकता बताते हुए हिंदू समाज का अपमान किया है जबकि इनका 99 सीट मिली है।

अगर यह देश मे कांग्रेस की सरकार बन जाती तो ये हिंदुओं पर कितना अत्याचार होता यह इनकी मानसिकता और सच बताती है चुनाव के समय नकली हिंदू बनने का ढोंग करने वाले राहुल गांधी को हिंदू समाज सबक सिखा के रहेगा राहुल गांधी ने संसद में जिस तरह से हिंदू का अपमान किया है वह कभी भी हिंदू समाज उन्हें माफ नहीं करेगा राहुल गांधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी होगी इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद राहुल गांधी हिंदुओं से माफी मांगों के नारे लगाए।

वही कार्यकर्ताओं को भाजपा नगर महामंत्री धनरूप जैन ने भी संबोधित किया एवं राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष डॉ महेश मेवाड़ा ने किया इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर लाल भोजवानी जिला सह कार्यालय मंत्री उमेश शर्मा कोमल जैन नगर महामंत्री धनरूप मल जैन जुगल किशोर मालवीय किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष लखन पाटीदार भाजपा नगर उपाध्यक्ष कमल ताम्रकार राजेंद्र सिंह ठाकुर मुरावर पूर्व पार्षद भागवत मेवाड़ा युवा नेता कृष्ण मंडलोई अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुनील सिरोठिया धीरज सोनी सोनू जितेंद्र कुशवाहा अभिराज पटारा आदित्य जैन सुशील यादव नितेश महाकाल धर्मेंद्र मेवाडा राधे श्याम आलेरिया मनोहर बैरागी जीतमल बगवान पूर्व पार्षद रमेश मालवीय शोभा सिंह मालवी बाबू कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ने किया डॉक्टरों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में इनर व्हील क्लब आष्टा द्वारा सिविल अस्पताल में जाकर सभी डॉक्टर का सम्मान किया गया। जिसमें डॉक्टर जीडी सोनी, डॉ अर्चना सोनी व डॉ अतुल उपाध्याय सहित सभी डॉक्टर मौजूद थे। इनरव्हील क्लब के मेंबर्स अध्यक्ष रीना शर्मा, सचिव सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष संगीता सोनी, कोषाध्यक्ष आशा सोनी, एडिटर श्रद्धा पालीवाल व क्लब के अन्य सदस्य पदमा कासलीवाल, विद्या खंडेलवाल, चंदा बोहरा, जय श्री शर्मा, दीपिका सोनी आदि सभी मेंबर्स मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंदाकिनी कासलीवाल ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आस्था के बच्चे भी मौजूद थे। जिन्होंने भी डॉक्टर का सम्मान किया।